## ख़बर संक्षेप

### नगर निगम द्वारा हाउसिंग बोर्ड में आज मनाया जाएगा 'राहगीरी डे'

**कटनी।** शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने और फिटनेस और बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए नगर पालिक निगम कटनी द्वारा रविवार 17 मई को 'राहगीरी डे' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रातः 7:00 बजे से 8:30 बजे तक नेहरू वार्ड स्थित हाउसिंग बोर्ड प्रवेश द्वार से हाउसिंग बोर्ड मैदान मार्ग तक आयोजित किया जाएगा। नगर निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में योग, खेलकूद, म्यूजिक और डांस परफॉर्मेंस जैसी कई गतिविधियां शामिल की गई हैं। स्वास्थ्य के साथ-साथ इस आयोजन के माध्यम से स्वच्छता का संदेश भी प्रसारित किया जाएगा। नगर निगम प्रशासन ने समस्त शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस उत्साहपूर्ण और स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाएं।

### सब्जी मंडी में आज लगेगा जैविक हाट बाजार

**कटनी।** जिला अस्पताल के सामने नगर निगम मुड़वारा सब्जी मंडी में प्रत्येक रविवार की भांति इस रविवार को भी ताजी हरी सब्जियों का जैविक हाट बाजार लगेगा। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग की पहल से इस हाट में जिले भर के रसायनमुक्त एवं प्राकृतिक पद्धति से खेती करने वाले किसान अपने ताजे एवं प्रमाणित जैविक उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराते हैं। इससे जैविक उत्पादों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ी है तथा उपभोक्ताओं और जैविक खेती करने वाले किसानों के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है। इस आयोजन से जहां नागरिकों को शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद उपलब्ध होता है, वहीं किसानों को भी अपने उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है। साथ ही अन्य कृषक भी जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित हों रहें है, जिससे स्वस्थ समाज और सशक्त किसान की दिशा में सार्थक कदम बढ़ाया जा सकेगा।

### जिला मूल्यांकन समिति में विधायक सदस्य मनोनीत

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के अनुमोदन से जिला मूल्याकंन समिति का गठन किया गया है। इस समिति में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक को सदस्य के रूप मनोनीत किया है। जिला मूल्यांकन समिति कटनी की गाईड लाईन बैठक के दौरान कलेक्टर अध्यक्ष होंगे। जबकि सदस्य के तौर पर निर्वाचित विधान सभा सदस्य संजय सत्येन्द्र पाठक विधायक विजयराघवगढ ,अध्यक्ष, जनपद पंचायत, जिला मुख्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग,कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग,आयुक्त, नगर पालिका निगम,मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, अधीक्षक, भू अभिलेख/अधीक्षक, व्यपवर्तन सदस्य,भाडा नियंत्रण अधिकारी,जिला वन अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकास प्राधिकरण,उपायुक्त मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल, संयुक्त संचालक,उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश,महाप्रबंधक उद्योग, होंगे और समिति के संयोजक जिला पंजीयक को बनाया गया है।

### युवक पर किया हमला

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत खिरहनी फाटक क्षेत्र में एक युवक पर तीन बदमाशों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट करते हुए किसी नुकीली चीज से वार किया है।पुलिस के अनुसार राजीव गांधी वार्ड निवासी तरुण जाटव 21 वर्ष रात करीब 1:00 बजे खिरहनी फाटक कलारी के आगे से गुजर रहा था। इसी दौरान खिरहनी फाटक निवासी विवेक, अजय और रोहित ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने तरुण के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए किसी नुकीली चीज से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर तीनों नामजद आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

### ग्राम पंचायत बरतरा में पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों का टूटा सब्र

# खाली बर्तन लेकर सड़क पर उतरे ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर बताई पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



भीषण गर्मी के दौर में ग्रामीण इलाकों में लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। लोग पानी के लिए दर दर भटकनें को मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में लोग पीने के पानी की समस्याओं से जूझ रहे हैं। जन-प्रतिनिधि बेपरवाह है और प्रशासनिक अधिकारी ऑफिसों में हैं। अब जब समस्या विकट हो चली है तो ग्रामीण मरता क्या न करता की स्थिति में पहुंच गये हैं। धरना प्रदर्शन करते हुए और चक्काजाम जैसी स्थितियां निर्मित करने को मजबूर हो रहे हैं।

बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम बरतरी बरतरा में शनिवार को बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे और अन्य लोगों को जब पीने का पानी नहीं मिल पाया तो सब लोग आक्रोशित हो गए थे जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने हाथ में खाली गुम्मे लिए बरतरा स्थित जबलपुर हटा राज्यीय राजमार्ग पर सुबह करीब 11 बजे एकत्रित होकर मार्ग जाम कर पीने के पानी की किल्लत को दूर करने की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया।

#### प्रदर्शन से लगा लंबा जाम

इस दौरान भीड़ ने दोनों ओर से बीच रास्ते में ट्रेक्टर ट्राली खड़ी करके और रस्सी में खाली गुम्मे लटकाकर राज्यीय राजमार्ग बंद कर दिया था। ग्रामीण हंगामा करते हुए पीने का पानी उपलब्ध कराने की मांग करते रहे। वहीं इस दौरान करीब आधे घंटे तक मार्ग बंद होने की वजह से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई थी। वहीं दूसरी ओर जैसे ही पुलिस को जानकारी मिली कि बरतरा में लोगों ने मार्ग पर जाम लगा दिया है तो पुलिस आनन-फानन में मौके पर पहुंची।

मौके पर पहुंचे बाकल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दिनेश तिवारी को ग्रामीणों ने बताया कि जनता एक एक बूंद पीने के पानी को तरस रही है। सरकार ने गांव में नल जल योजना के तहत कार्य कराया गया है लेकिन उस नल जल योजना से अब तक गांव के लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। जबकि नल जल योजना पूरी होने के बाद ग्राम पंचायत के अधीन कर दी गई है। महिलाओं ने बताया कि ग्राम पंचायत को सौंपे जाने के बाद 22 दिन बीतने के पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। गांव में पीने के पानी की विकराल समस्या हो रही है जिससे परेशान होकर चक्काजाम किया गया है।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि जब तक पीने का पानी नहीं मिलता है तब तक ऐसे चक्काजाम किया जाएगा जिसके बाद थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने किसी तरह महिलाओं और ग्रामीणों को समझाइश देते हुए पीएचई विभाग के अधिकारियों से मोबाइल फोन से बात कराई तब जाकर ग्रामीण मानें और चक्काजाम खोल दिया था।

इस मौके पर ऋषिराज पटेल, मथुरा चौधरी, जगन्नाथ चौधरी, गोपाल चौधरी, गोपाल पटेल,अमर सिंह पटेल,अनार सिंह पटेल,पूर्व जनपद सदस्य अर्चना मेहरा, क्रांति चौधरी, ललिता चौधरी, उर्मिला चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## 4 ग्राम पंचायतों में 9.50 लाख रुपए की घपलेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले की तीन जनपद पंचायतों विजयराघवगढ़, बहोरीबंद एवं बड़वारा की चार ग्राम पंचायतों क्रमशः खलवारा, नीमखेड़ा, सलैया प्यासी और बनगवा द्वारा की गई वित्तीय अनियमितताओं एवं आर्थिक गड़बड़ियों के प्रकरणों में जिला पंचायत सीईओ एवं विहित प्राधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने एक-एक कर सुनवाई की।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत खलवारा की तत्कालीन सरपंच एवं सचिव द्वारा सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य में 4,17,600 रुपये की आर्थिक गड़बड़ी की गई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत नीमखेड़ा और सलैया प्यासी के तत्कालीन सरपंच एवं सचिव द्वारा सोलर लाइट की खरीदी भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करते हुए 2,80,000 और 1,65,500 रुपए की वित्तीय गड़बड़ी की गई। ग्राम पंचायत बनगवा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत हितग्राही द्वारा 1,20,000 रुपए की वसूली योग्य राशि के लिए संबंधित सेक्टर सुपरवाइजर, सरपंच, सचिव, बीसी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं हितग्राही की सुनवाई हुई। ग्राम पंचायत नीमखेड़ा के तत्कालीन सचिव अनुपस्थित रहे। बाकी प्रकरणों में विहित प्राधिकारी सुश्री कौर ने ग्राम पंचायतों के पक्ष को इत्मीनान के साथ सुना और दस्तावेजों का अवलोकन किया। कुल मिलाकर जिला पंचायत सीईओ एवं विहित प्राधिकारी सुश्री कौर ने दर्ज प्रकरणों में धारा 92 के तहत कुल 9,83,100 रुपए वसूली योग्य राशि के संबंध में सुनवाई करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई हेतु प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया।

## 150 से अधिक मरीजों ने लिया निःशुल्क कैंसर परामर्श का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने एवं समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी की पहल पर जिला चिकित्सालय कटनी में शनिवार को आयोजित विशाल निःशुल्क कैंसर परामर्श शिविर में 150 से अधिक कैंसर मरीजों ने पंजीयन कराकर शिविर का लाभ लिया। यह कैंसर शिविर शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर एवं जिला चिकित्सालय कटनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था।

कैंसर शिविर में कटनी एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा की विशिष्ट उपस्थिति रही। शिविर में शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर के प्रमुख कैंसर सर्जन डॉ. प्रशांत जैन (टाटा मेमोरियल से प्रशिक्षित) एवं वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. मालती भगत द्वारा मरीजों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया।

अस्पताल प्रबंधन की ओर से डॉ. अंकित जैन (डिप्टी सीएओ, शैल्बी हॉस्पिटल ) ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं जरूरतमंद मरीजों को समय रहते कैंसर संबंधी जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराना था, ताकि प्रारंभिक अवस्था में बीमारी की पहचान कर उचित उपचार शुरू किया जा सके। उन्होंने बताया कि जिन व्यक्तियों को लगातार गांठ, मुंह का छाला, असामान्य रक्तस्त्राव, अचानक वजन कम होना, लंबे समय तक खांसी अथवा कैंसर से संबंधित अन्य लक्षण दिखाई दें, उन्हें तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से जांच अवश्य करानी चाहिए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएमएचओ, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, कोऑर्डिनेटर डॉ. आर्यन, असिस्टेंट हॉस्पिटल मैनेजर प्रिया घोकले, सीपीएचसी कविता ओझा, नितिन तापा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

शैल्बी हॉस्पिटल जबलपुर की प्रबंधन टीम से डॉ. संजय जैन, संजय शर्मा एवं अजय मौदगिल, हर्ष और आदित्य ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शैल्बी हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि अस्पताल में आयुष्मान योजना के अंतर्गत कैंसर उपचार की सुविधा उपलब्ध है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान किया जा सकता है।

## मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने चला बुल्डोजर



विजयराघवगढ़ में नगर परिषद द्वारा सड़क चौड़ीकरण को लेकर मेन रोड में किये गये अतिक्रमण को हटाने की अपील की जा रही थी लेकिन कब्जाधारियों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा था। शनिवार को विजयराघवगढ़ अनु विभागीय अधिकारी राजस्व विवेक गुप्ता के निर्देशन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष परते की उपस्थिति में नगर परिषद एवं राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाने कार्यवाही की गई। कार्यवाही प्रात : 11 :00 से कैमोर रोड वार्ड क्रमांक एक से लेकर नया बस स्टैंड आजाद चौक से अंधा मोड़ तक शाम करीब 6 :00 बजे चली। मेन रोड के मध्य से 18, 18 फीट चौड़ाई दोनों ओर लेकर कब्जा बेदखल किया गया। राजस्व अधिकारी राम सिया बर्मन द्वारा दी गई जानकारी दी गई कि उक्त कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान मुख्य रूप से राम सिया बर्मन लेखपाल श्रीमती सीता ताम्रकार श्रीमती आरती शर्मा धर्मेंद्र त्रिपाठी सुरेंद्र शर्मा शेख राजू कधी बर्मन नवीन कुमार सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुहागिन महिलाओं ने वटवृक्ष की पूजा कर की अखंड सौभाग्य की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



नगर में शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर विधि-विधान से व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही महिलाएं सोलह श्रृंगार कर मंदिरों और वट वृक्षों के आसपास पहुंचीं, जहां धार्मिक माहौल देखने को मिला। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर, विश्राम गृह बड़वारा में स्थित बट बृक्ष एवम विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर पूजा की। कई महिलाओं ने 108 बार वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए रक्षा सूत्र बांधा और परिवार की सुख-शांति की कामना की।सरस्वती शिशु मंदिर, विश्राम गृह बड़वारा में स्थित बट बृक्ष में महिलाओं की विशेष भीड़ देखने को मिली, जहां श्रद्धालु सुहागिन महिलाओं ने सावित्री-सत्यवान की कथा श्रवण कर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। देवालयों के साथ नदी-तालाब किनारे स्थित वट एवं पीपल वृक्षों के नीचे भी पूजा-अर्चना का सिलसिला दिनभर चलता रहा।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व माना जाता है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक वट वृक्ष में त्रिदेवों का वास माना गया है। मान्यता है कि इसकी पूजा से महिलाओं को अखंड सौभाग्य, परिवार में सुख-समृद्धि एवं पति की लंबी आयु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वहीं वृक्ष से लटकती लताओं को देवी सावित्री का प्रतीक माना जाता है।

## 146 किसानों को मिला 1 करोड़ 55 लाख रूपये के कृषि यंत्र अनुदान

## नरवाई में आग नहीं लगाये, यंत्रों के उपयोग से प्रबंधन के लिये किया जा रहा प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने और नरवाई प्रबंधन (पराली प्रबंधन) को प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टतर आशीष तिवारी के कुशल नेतृत्वि एवं मार्गदर्शन में कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जिले के 146 किसानों को विभिन्न कृषि यंत्रों की खरीद पर कुल 1 करोड़ 55 लाख 67 हजार रुपये की अनुदान राशि वितरित की गई है।

#### नरवाई प्रबंधन पर विशेष जोर

प्रशासन द्वारा किसानों को खेतों में नरवाई जलाने के बजाय यंत्रों के माध्यम से उसके प्रबंधन के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन्हीं प्रयासों से बीते वित्तीलय वर्ष कुल 183 कृषि यंत्र स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 146 किसानों ने यंत्रों की खरीदी कर अनुदान का लाभ उठाया। इन आधुनिक यंत्रों के माध्यम से न केवल खेती की लागत कम होती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहती है।

जिले में सबसे अधिक मांग सुपरसीडर और हैप्पीसीडर की रही, जो सीधे बुवाई के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। सुपरसीडर और हैप्पीसीडर यंत्रों की खरीदी पर 62 किसानों को 74.40 लाख रूपये, स्ट्रॉ रीपर पर 21 किसानों को 31.50 लाख रूपये, पैडी (धान) थ्रेशर पर 25 किसानों को 26.25 लाख रूपये, रीपर (स्वचलित) पर 18 किसानों को 14.34 लाख रूपये, रीपर (ट्रैक्टर चलित) पर 4 किसानों को 2.03 लाख रूपये, स्लैशर पर 8 किसानों को 2.20 लाख रूपये, जीरो टिल सीडकम फर्टिलाइजर ड्रिल पर 5 किसानों को 1.54 लाख रूपये, पैडी राइस ट्रांसप्लांटर पर 1 किसान को 1.43 लाख रूपये, लेजर लैंड लेवलर पर 1 किसान को 1.08 लाख रूपये एवं रोटिकल्टीवेटर पर 1 किसान को 0.90 लाख रूपये का अनुदान प्राप्त हुआ है।

किसानों के बीच कृषि यंत्रों को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में सुपरसीडर और हैप्पीसीडर के लिए कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 89 किसानों को यंत्रों की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

### किसानों को 159 करोड़ रूपये से अधिक का भुगतान

## जिले में 1 लाख 57 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूँ उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में 15 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये गेहूँ उपार्जन में शनिवार 16 मई तक जिले के कुल 32 हजार 127 कृषकों से अब तक 1 लाख 57 हजार 533 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को अब तक उपार्जित गेहूँ के विरूद्ध 159.04 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। कलेक्टरर आशीष तिवारी ने सभी किसानों को शीघ्र भुगतान करवाने के निर्देश दिये हैं। जिले में अब तक 41 हजार 75 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है।

#### उपार्जन में ढीमरखेड़ा अग्रणी

जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए गेहूँ उपार्जन के मामले में तहसील ढीमरखेड़ा अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 7708 किसानों से 31 हजार 489 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील विजयराघवगढ़ में 4557 किसानों से 24 हजार 977 मीट्रिक टन गेहूँ समर्थन मूल्य पर उपार्जित किया जा चुका है।

इसी प्रकार बहोरीबंद तहसील में अब तक 4196 किसानों से 23 हजार 236 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया गया है। जबकि स्ली4मनाबाद तहसील में 3120 कृषकों से 17 हजार 460 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया जा चुका है। बड़वारा तहसील में अब तक की स्थिति में 3749 किसानों से 14 हजार 252 मीट्रिक टन और रीठी तहसील में 3102 किसानों से 16 हजार 664 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है।

इसके अलावा कटनी नगर व कटनी ग्रामीण तहसील में 2895 किसानों से 15 हजार 429 मीट्रिक टन और बरही तहसील में 2800 किसानों से 14 हजार 26 मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है।

#### उपार्जन केंद्र में किसानों के लिये सभी सुविधाएं

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर उपार्जन केंद्रों में गेहूँ विक्रय की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उपार्जन केन्द्रों में छायादार स्थान में बैठने और पेय जल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केंद्र में बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

#### समर्थन मूल्य के साथ बोनस भी

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। गेहूँ के उपार्जन के लिये आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे खरीदी केंद्र में साफ-सुथरा गेंहू लायें।

## समाजसेवा को राजनीति का बनाये आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत दो दिवसीय आवासीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, अध्यक्ष मेला एवं तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोंटिया, प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन तथा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन सोनी, जिला प्रभारी सुजीत जैन, विधायक संदीप जायसवाल, विधायक प्रणय पांडे, विधायक धीरेन्द्र सिंह, महापौर प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, जिला वर्ग प्रभारी संदीप जैन, वर्ग के संभागीय सह प्रभारी पीताम्बर टोपनानी उपस्थित रहे।

सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रवाद और अंत्योदय के सिद्धांतों को केंद्र में रखकर राष्ट्रहित में कार्य किया है। भाजपा सरकारों ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का जो संकल्प लिया था, उसे निरंतर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे कर्तव्यबोध के साथ समाजसेवा को राजनीति का आधार बनाकर जनसेवा के लिए समर्पित रहें।

जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की वैचारिक रीढ़ को मजबूत करने का माध्यम हैं। इन वर्गों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक मूल्यों की गहराई को समझने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाने की प्रेरणा मिलती है।

वरिष्ठ नेता डॉ. विनोद गोंटिया ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भाजपा सरकार की प्रेरणा हैं और इन्हीं सिद्धांतों के कारण देश के अधिकांश हिस्सों में विकास और सुशासन का भगवा परचम लहरा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## बदमाशों ने युवक पर चाकू से किया कातिलाना हमला

**कटनी** । कुठला थाना क्षेत्र के इंद्रानगर इलाके में देर रात चाकूबाजी की घटना हुई। जानकारी के अनुसार आधा दर्जन बदमाशों ने एक राय होकर एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया और उसके पेट में चाकू घोंप दिया। घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल दाखिल कराया गया है। पुलिस के अनुसार सरलानगर निवासी उत्तम लोहार 28 वर्ष शनिवार की देर रात करीब 12:20 बजे इंद्रानगर की गली नंबर 03 में सोनू नामक व्यक्ति के घर के पास था। इसी दौरान वहां पहुंचे मनीष जायसवाल, सोनू और उनके तीन अन्य साथियों ने उत्तम को घेर लिया। आरोपियों ने पहले गालियां दीं और फिर जान से मारने की नीयत से उत्तम के पेट पर चाकू से जोरदार हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल उत्तम लोहार की शिकायत पर मनीष जायसवाल, सोनू और अन्य तीन आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 296(ए), 109(1) और 3(5) के तहत जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## निराश्रित पशु एवं श्वान प्रबंधन के लिये अधिकृत होंगे सचिव

**कटनी**। ग्रामीण क्षेत्रों में निराश्रित पशु एवं श्वान प्रबंधन हेतु जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिव को सत्यापन कर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है। पंचायत राज संचालनालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत सचिव सत्यापन कर्ता अधिकारी की नियुक्ति एवं उसका विवरण प्रेषित करने संबंधी जानकारी निर्धारित लिंक पर अति शीघ्र दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर को अव्वल स्थान दिलाने दर्ज करें फीडबैक

**कटनी**। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने नगरीय क्षेत्र के निवासियों से स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के लिये स्वच्छ सर्वेक्षण एप के माध्यम से सकारात्मक फीडबैक देकर कटनी शहर को अव्वल स्थान दिलाने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहयोग की अपील की है। महापौर श्रीमती प्रीती सूरी ने कहा कि नगर निगम की टीम द्वारा शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण के लिये नागरिकों से फीडबैक लेने का कार्य प्रारंभ हो गया है और जल्दी ही स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम भी कटनी आने वाली है। महापौर श्रीमती प्रीती सूरी ने शहर के प्रत्येक नागरिक से स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपने घरों एवं आस पास के क्षेत्रों में साफ सफाई रखने तथा क्यूआर कोड और मोबाइल ऐप की सहायता से स्वच्छता सर्वेक्षण में पॉजिटिव फीडबैक देने का अनुरोध किया है, ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण में कटनी शहर प्रदेश व देश में अव्वल स्थान हासिल कर नई पहचान बना सके।

### विधि विधान पूर्वक मनाया गया वट सावित्री का पर्व, सुहागिनों ने किया सोलह श्रृंगार

# अंखड सौभाग्य और परिवार की खुशहाली के लिये सुहागिनों ने की वटवृक्ष की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

जिले भर में वट सावित्री का पर्व विधि विधान पूर्वक मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने प्रातःकाल उठकर नित्य कर्मो से निवृत्त होकर स्नान कर घर मे पवित्र जल का छिड़काव कर पूजा अर्चना की थाली सजाई जिसमे सावित्री सत्यवान की मूर्तियां, बांस की टोकरी ,बांस का पंखा, लाल कलावा ,धूप ,दीप ,घी,फल ,सुहाग का सामान रखा गया। इसके बाद वट वृक्ष के नीचे वट सावित्री की कथा सुनकर विधि विधान से पूजा अर्चना की व वट वृक्ष की परिक्रमा करते रक्षा सूत्र बांधते हुए अखण्ड सौभाग्य की कामना करते हुए परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की गई।

सिंहवाहिनी महिला मंडल की सदस्य उपमा त्रिपाठी, मनोरमा त्रिपाठी, सखी गुप्ता ने बताया कि वट सावित्री अमावस्या पर अपने पति सत्यवान के प्राणों को सावित्री ने यमराज से बचाया था। वट सावित्री का व्रत सौभाग्यशाली स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु और घर की सुख-शांति के लिए रखती है। वट सावित्री अमावस्या पर सिंहवाहिनी मंदिर मे महिला मंडल के द्वारा रामचरित मानस पाठ आयोजित किया गया।



### शनि मंदिरों मे उमड़ी भीड़

शनिवार को वट सावित्री अमावस्या के साथ ही शनि जयंती का अद्भुत संयोग रहा। सर्वार्थ सिद्धी योग शनि जयंती मनाई गईं। स्लीमनाबाद बड़ी माई स्थित शनि मंदिर, डूडसरा टेक स्थित शनि मंदिर व पड़वार स्थित जंगल वाले हनुमान मंदिर मे शनि जयंती भव्यता व धूमधाम से मनाई गईं। शनि मंदिरों मे शनि देव को तेल, तिल अर्पण कर पूजा अर्चना की गईं। पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि हिंदु धर्म में शनिदेव को न्याय का देवता माना गया है। वे लोगों को उनके कर्म के अनुसार फल प्रदान करते हैं। साथ ही शनिदेव कई कष्टों का भी निवारण करते है।



### सोलह श्रृंगार कर किया पूजन

बड़वारा क्षेत्र में भी सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर विधि-विधान से व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही महिलाएं सोलह श्रृंगार कर मंदिरों और वट वृक्षों के आसपास पहुंचीं, जहां धार्मिक माहौल देखने को मिला। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर, विश्राम गृह बड़वारा में स्थित बट बृक्ष एवम विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर पूजा की। कई महिलाओं ने 108 बार वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए रक्षा सूत्र बांधा और परिवार की सुख-शांति की कामना की।सरस्वती शिशु मंदिर, विश्राम गृह बड़वारा में स्थित बट बृक्ष में महिलाओं की विशेष भीड़ देखने को मिली, जहां श्रद्धालु सुहागिन महिलाओं ने सावित्री-सत्यवान की कथा श्रवण कर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। देवालयों के साथ नदी-तालाब किनारे स्थित वट एवं पीपल वृक्षों के नीचे भी पूजा-अर्चना का सिलसिला दिनभर चलता रहा।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व माना जाता है।



# रेत का अवैध परिवहन करते चार ट्रेक्टर ट्राली किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

खितौली चौकी पुलिस ने रेत का अवैध रूप से परिवहन करते एक ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में की गई।

पुलिस के अनुसार मुखबिर द्वारा अवैध रेत परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर ग्राम जगुआ के नदी घाट से लगे हुए क्षेत्र पर कार्यवाही की गई। अवैध रेत परिवाहन करने वाले कुल चार ट्रैक्टर मय ट्राली के जो सभी ट्रैक्टर रेत से भरे हुए थे जो क्रमशः पहला पॉवरट्रेक कंपनी का नीले रंग का , दूसरा सोनालिका कंपनी का नीले रंग का , तीसरा पॉवर ट्रेक कंपनी का नीले रंग का व चौथा फरमा कंपनी का नीले रंग का अवैध रेत का परिवाहन करते हुए मिले जो सभी की ट्रालियों में रेत लोड मिली जो उक्त चारों ट्रैक्टरो ट्रालियो समेत अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाए जाने पर समक्ष गवाहों के कब्जे में लेकर चारों ट्रैक्टरो ट्रालियो को जप्त किया गया तथा आवश्यक कार्यवाही करते हुए ट्रैक्टर ट्रालियो को सुरक्षित चौकी परिसर में खड़ा कराया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे चौकी खितौली प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा, आरक्षक अंकित बड़गैया, दिलीप कोल , सैनिक श्यामनारायण चतुर्वेदी की विशेष भूमिका रही।

*सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की दिशा में किये जा रहे प्रयास*

# जिला न्यायालय से माधव नगर क्षेत्र में रोड मार्किंग एवं जेब्रा क्रॉसिंग कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित एवं नागरिक अनुकूल बनाने की दिशा में निगम प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर के प्रमुख एवं व्यस्ततम मार्गों पर रोड मार्किंग एवं जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण का कार्य लगातार गति पकड़ रहा है। जिला न्यायालय से शुरू किया गया यह कार्य शुक्रवार को माधव नगर क्षेत्र, हाउसिंग बोर्ड मुख्य मार्ग तक पहुंचा, जहां सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरूप आवश्यक चिन्हांकन का कार्य कराया गया।

नगर निगम द्वारा कराए जा रहे रोड मार्किंग कार्य के अंतर्गत सड़कों पर मेन लाइन, स्टॉप लाइन, दिशा संकेत एवं जेब्रा क्रॉसिंग बनाए जा रहे हैं, जिससे यातायात संचालन अधिक सुगम एवं अनुशासित हो सके। विशेष रूप से तिराहों, चौराहों एवं अधिक आवागमन वाले क्षेत्रों में जेब्रा क्रॉसिंग बनाए जाने से पैदल राहगीरों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल रही है।



सिटी ट्रांसपोर्ट मैनेजर योगेश पवार ने बताया कि नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नगर निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुपालन में निगम प्रशासन द्वारा जिला न्यायालय, झिंझरी बस स्टैंड, जेल तिराहा, पुलिस लाइन होमग्राउंड, यातायात थाना, झिंझरी हनुमान मंदिर, बिलहरी मोड, होटल टीजीएस, कार्यालय कलेक्ट्रेट के सामने, दुगड़ी नाला, विश्राम बाबा, माधव नगर, हाउसिंग बोर्ड इंटर सेक्शन में रोड मार्किंग ओर जेब्रा क्रॉसिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त शनिवार प्रातः माधव नगर कैंप रोड पर स्पीड ब्रेकर रोड मार्किंग एवं द्वारका सिटी चौराहे पर जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। आगामी दिनों में अन्य प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर भी रोड मार्किंग का कार्य कराया जाएगा, जिससे पूरे शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक बेहतर एवं सुरक्षित बनाया जा सके।

### दुर्घटना पर लगेगा नियंत्रण

निगम प्रशासन का मानना है कि सड़क पर स्पष्ट संकेत एवं व्यवस्थित चिन्हांकन न केवल दुर्घटनाओं की संभावना को नियंत्रित करते हैं, बल्कि वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं। यही कारण है कि शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर चरणबद्ध तरीके से रोड सेफ्टी से जुड़े कार्य कराए जा रहे हैं।

निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सड़क संकेतों एवं जेब्रा क्रॉसिंग का पालन करते हुए जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग करें।

## समूह की महिलाओं को दिया गया एकाउंटिंग प्रशिक्षण



जिले की महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 38 दिवसीय कंप्यूटर एकाउंटिंग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विकासखंडों से स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण संस्थान के संचालक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं को कंप्यूटर एवं अकाउंटिंग से संबंधित सैद्धांतिक और प्रायोगिक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षक रत्नेश दुबे द्वारा किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात प्रतिभागियों की लिखित एवं मौखिक परीक्षा आयोजित की गई। कंप्यूटर एवं अकाउंटिंग विषय की परीक्षा पवन कुमार पांडे द्वारा तथा बैंकिंग से संबंधित परीक्षा आशीष खरे द्वारा संपन्न कराई गई। इस दौरान श्रीमती मानसी दुबे एवं कुमारी तृप्ति मिश्रा सहित सभी महिला प्रशिक्षार्थियों ने परीक्षा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा उपरांत सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कर्मचारी सुनील रजक, अनुपम पांडे, राजेश विश्वकर्मा, अरुण रजक एवं ओमप्रकाश तिवारी का विशेष योगदान रहा।

# नगर परिषद बरही में 20 मई को होगी तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

बरही नगर परिषद में पदस्थ इंजीनियर सुश्री अपेक्षा वर्मा को हटाने की मांग को लेकर नगर परिषद के 14 पार्षदों की एक महत्वपूर्ण बैठक रेस्ट हाउस बरही में आयोजित की गई बैठक में नगर परिषद के विकास कार्यों में लगातार हो रही देरी, अधूरे एस्टीमेट तैयार करने एवं कार्यों में लापरवाही को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। पार्षदों ने बताया कि दिनांक 07 मई 2026 को कलेक्टर कटनी को ज्ञापन सौंपकर इंजीनियर अपेक्षा वर्मा को नगर परिषद बरही से हटाने की मांग की गई थी। साथ ही नगर परिषद कैमोर में पदस्थ इंजीनियर हिमांशु गौतम को सप्ताह में दो दिवस बरही नगर परिषद में प्रभारी इंजीनियर के रूप में पदस्थ करने का अनुरोध भी किया गया था, ताकि नगर के विकास कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सकें।



बैठक में पार्षदों ने कहा कि ज्ञापन दिए जाने के बाद भी आज दिनांक तक शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे समस्त पार्षदों एवं नगरवासियों में नाराजगी व्याप्त है। इसी को लेकर सभी 14 पार्षदों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आगामी 20 मई 2026 को नगर परिषद बरही कार्यालय में शांतिपूर्ण तालाबंदी एवं विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है।

पार्षदों का कहना है कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा समय रहते उचित निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन और अधिक व्यापक रूप ले सकता है बैठक के पश्चात पार्षदों द्वारा कलेक्टर के नाम तहसीलदार ,बरही टी आई एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अग्रिम सूचना पत्र भी सौंपा गया। पार्षदों ने स्पष्ट कहा कि आंदोलन के दौरान यदि किसी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

*इलाज में लापरवाही बरतने डाक्टर व स्टाफ पर लगाये आरोप*

# जिला चिकित्सालय में प्रसूता की मौत पर परिजनों ने किया जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला अस्पताल में एक प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया एवं डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ पर इलाज में लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाया है। दूसरी ओर अस्पताल प्रबंधन ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि मरीज की हालत अत्यधिक रक्तस्राव के कारण गंभीर थी और उसे समय पर जबलपुर रेफर किया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार पन्ना जिले की शाहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम सिमरा निवासी 22 वर्षीय सुमन चौधरी पति अमर चौधरी को प्रसव पीड़ा होने पर शाहनगर स्वास्थ्य केंद्र से कटनी जिला अस्पताल रेफर किया गया था। बीती सुबह करीब 11 बजे सुमन ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। बताया गया कि डिलीवरी सामान्य थी, लेकिन कुछ देर बाद महिला को अत्यधिक ब्लीडिंग शुरू हो गई। लगातार रक्तस्राव के चलते शाम तक उसकी हालत गंभीर हो गई और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सुमन की शादी लगभग एक वर्ष पहले हुई थी और यह उसकी पहली डिलीवरी थी।

मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतका की बहन लक्ष्मी चौधरी का कहना है कि डॉक्टरों ने समय रहते सही इलाज नहीं किया और उन्हें रेफर की प्रक्रिया में उलझाए रखा। परिजनों का आरोप है कि डिलीवरी के बाद सफाई के दौरान अंदरूनी हिस्से में कोई नुकीली वस्तु लगने से ब्लीडिंग बंद नहीं हो रही थी। उनका कहना है कि नर्सिंग स्टाफ द्वारा लगातार कॉटन का इस्तेमाल किया गया, लेकिन रक्तस्राव नहीं रुका। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि समय पर पर्याप्त ब्लड उपलब्ध नहीं कराया गया, जिसके कारण महिला की जान चली गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों ने नाराजगी जताते हुए हंगामा किया और कार्रवाई की मांग की।

### आरोपों को बताया निराधार

इस संबंध में महिला विशेषज्ञ डॉक्टर श्रद्धा द्विवेदी ने परिजनों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मरीज का इलाज समय पर शुरू कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि अत्यधिक रक्तस्राव के कारण महिला की हालत लगातार बिगड़ रही थी। अस्पताल द्वारा तत्काल एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया गया था, लेकिन मरीज को अतिरिक्त ब्लड की आवश्यकता थी। डॉक्टरों के अनुसार स्थिति गंभीर होने पर मरीज को बेहतर उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। अस्पताल प्रबंधन ने तीन बार सरकारी एम्बुलेंस उपलब्ध कराई, लेकिन परिजन सरकारी वाहन से ले जाने के बजाय निजी अस्पताल ले जाने की बात पर अड़े रहे, जिससे समय नष्ट हुआ।

घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि महिला की मौत इलाज में लापरवाही से हुई या अत्यधिक रक्तस्राव और रेफर प्रक्रिया में हुई देरी इसकी वजह बनी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रयास

# जलस्त्रोतों की साफ सफाई के लिये चलाया गया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शहर को बेहतर रैंक दिलाने एवं नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम की आईईसी टीम एवं सफाई मित्रों द्वारा माई घाट क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता चौपाल का आयोजन किया गया।

अभियान के दौरान घाट परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई की गई तथा नागरिकों को स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। टीम द्वारा क्षेत्र के रेड एवं येलो स्पॉट चिन्हित कर उनकी विशेष सफाई कराई गई तथा लोगों से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई।



स्वच्छता चौपाल के माध्यम से आमजन को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छ शहर केवल प्रशासनिक प्रयासों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही संभव है। नागरिकों से स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 अंतर्गत सिटीजन फीडबैक देने एवं नगर निगम कटनी को उत्कृष्ट रैंक दिलाने में सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों एवं सहयोगियों को स्वच्छ जल, स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वच्छ शहर बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। नगर निगम प्रशासन द्वारा आगामी दिनों में भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान, जन जागरूकता गतिविधियां एवं स्वच्छता चौपाल आयोजित कर नागरिक सहभागिता को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

### दो तालाबों में सफाई

शहर के विभिन्न जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत शनिवार को नगर के ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी स्थित तालाब एवं अमीरगंज तालाब में स्वच्छता दूतों के माध्यम से विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर जलभराव क्षेत्र सहित आस पास के स्थलों में विशेष सफाई अभियान चलाकर गंदगी, प्लास्टिक एवं अपशिष्ट पदार्थों को हटाया जा रहा है, ताकि जल स्रोत स्वच्छ एवं सुरक्षित बने रहें।

विदित हो कि निगम प्रशासन द्वारा सफाई कर्मियों एवं मशीनरी की सहायता से जल स्रोतों नदी तालाबों के आसपास जमा कचरे, चोई एवं अन्य अपशिष्ट की नियमित रूप सफाई कराई जा रही है।

अधिकारियों द्वारा अभियान की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है तथा संबंधित कर्मचारियों को नियमित रूप से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे जल स्रोतों में कचरा अथवा पूजन सामग्री न डालें तथा जल संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

नगर निगम का उद्देश्य केवल जल स्रोतों की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित जल उपलब्ध कराना भी है।

# महंगाई को लेकर महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बढ़ती महंगाई के विरोध में महिला कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिला संगठन प्रभारी विजयलक्ष्मी मिश्रा के प्रथम कटनी आगमन को कांग्रेस ने शक्ति प्रदर्शन और संगठन विस्तार के रूप में प्रस्तुत किया। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में महिला कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान और आगामी राजनीतिक रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में प्रदेश महासचिव रजनी वर्मा ने कहा कि प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा मध्यप्रदेश के सभी जिलों में प्रभारी नियुक्त कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति बनाई गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को कांग्रेस की नीतियों से जोड़कर उन्हें राजनीतिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा।



बैठक के बाद महिला कांग्रेस ने बरगवां स्थित पेट्रोल पंप के सामने पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और दूध के बढ़ते दामों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर आम जनता की परेशानियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। महिला कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम परिवारों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है और सबसे अधिक असर महिलाओं पर पड़ा है।

प्रदेश महासचिव रजनी वर्मा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही बढ़ी हुई कीमतें वापस नहीं लीं तो महिला कांग्रेस प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के साथ सड़क पर उतरकर संघर्ष करेगी।

इस दौरान मुख्य रूप से शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला, प्रियदर्शन गौर, हरिशंकर शुक्ला, माधुरी जैन आदिता वर्मा, कल्पना पाठक, गीता निषाद, आकांक्षा मिश्रा, मीना पटेल, रूपा पाठक, सुमन सैनी, दुर्गावती कोल, सौम्या रांधेलिया,मीनाक्षी बल्लवी , हेमा शर्मा आदि की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

## समाजसेवी हेमराज राय को अश्रुपूरित विदाई

**बनवार।** माला बम्होरी के समाजसेवी हेमराज राय का अंतिम संस्कार शनिवार को गहन शोक और भावुक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है और हर आंख नम नजर आई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन शामिल हुए, जिन्होंने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। श्रद्धांजलि सभा में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि हेमराज राय ने जीवनभर समाजसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे हमेशा जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहते थे। उनके निधन से क्षेत्र ने एक सेवाभावी और सरल व्यक्तित्व खो दिया है। सभा में उपस्थित लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। माला बम्होरी सहित आसपास के गांवों में शोक का माहौल है और लोग उन्हें एक मिलनसार व जनहितैषी व्यक्ति के रूप में याद कर रहे हैं।

### नगर में महिलाओं ने की पूजा अर्चना

## सुहाग की सलामती के लिए अखंड सौभाग्य का प्रतीक बना वट सावित्री व्रत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

ज्येष्ठ माह की अमावस्या और शनि जयंती के पावन संयोग पर शनिवार को नगर में सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर वट सावित्री व्रत रखा। महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर विभिन्न धार्मिक स्थानों पर बरगद के वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना की और पति की दीर्घायु, स्वास्थ्य और अखंड सौभाग्य की कामना की। महिलाओं ने कच्चा सूत बरगद के वृक्ष में सात बार लपेटकर परिक्रमा की। इसके बाद भीगे चने, फल, फूल और श्रृंगार का सामान अर्पित कर सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। पूरे दिन श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा।

### वट सावित्री व्रत का महत्व

धार्मिक मान्यता के अनुसार यह व्रत विवाहित महिलाओं के लिए विशेष फलदायी माना जाता है। भारतीय संस्कृति में विवाह को सात जन्मों का पवित्र बंधन कहा गया है। पति की लंबी आयु और वैवाहिक जीवन में सुख-शांति के लिए महिलाएं यह व्रत करती हैं, जो वर्ष में दो बार आता है। हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह की अमावस्या पर वट सावित्री व्रत रखा जाता है। इस बार यह तिथि शनि जयंती के साथ पड़ी, जिससे इसका महत्व और बढ़ गया।

### क्यों पूजनीय है बरगद का वृक्ष?

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार माता सीता के आशीर्वाद से बरगद के वृक्ष की महिमा बढ़ी। त्रेतायुग में गया में श्राद्ध कर्म के समय वट वृक्ष ने सत्य का साथ दिया था। प्रसन्न होकर माता सीता ने इसे अक्षय रहने का आशीर्वाद दिया। मान्यता है कि बरगद के पेड़ की जड़ में ब्रह्मा, तने में विष्णु और शाखाओं में शिव का वास होता है। सच्चे मन से किया गया यह व्रत वैवाहिक जीवन में प्रेम, समझ और स्थिरता लाता है। यह न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि परिवार और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है।

### पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा बट सावित्री व्रत, बरगद के पेड़ की पूजा की



गैसाबाद। सुहागन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए बट सावित्री व्रत रखकर बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर विधिवत पूजा अर्चना कर अपने पति के अच्छे स्वास्थ्य के लिए ईश्वर से कामना की महिलाओं ने बरगद के पेड़ पर सात बार लाल धागा लपेट कर गेहूं चना की कोरी एवं पकवान का भोग प्रसाद लगाकर श्रद्धा भाव एवं सच्चे मन से आराधना करके अपने पति की लंबी उम्र के लिए ईश्वर से कामना की। श्रीमती करुणा श्रीवास्तव, सुशीला, प्रियंका आदि महिलाओं ने हरिभूमि को बताया कि हम लोग यह व्रत अपने पति के अच्छे स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र के लिए रखते हैं और ईश्वर से कामना करते हैं कि हे प्रभु हमारे पति की रक्षा करना।

## हजरत बाबा सैय्यद तैय्यब अली शाह का 245वां उर्स अकीदत के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



हजरत बाबा सैय्यद तैय्यब अली शाह शहीद रहमतुल्लाह का 245वां उर्स बड़े ही शानो-शौकत और अकीदत के साथ मनाया गया। तीन दिवसीय उर्स में देशभर से बड़ी संख्या में जायरीन शामिल हुए। दरगाह परिसर में देर रात तक इबादत, फातिहाख्वानी और कव्वाली का दौर चलता रहा। हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल शब्बीर सदाकत वारसी एवं जुनेद सुलतानी ने अपनी शानदार कव्वालियों से पूरी रात समा बांधे रखा, जिस पर अकीदतमंद झूम उठे। प्रसिद्ध कव्वाल जुनैद सुल्तानी बदायूं उत्तर प्रदेश से दूसरी जोड़ी शब्बीर सदाकत साबरी कपासन शरीफ राजस्थान कव्वाल जनाब शावेज़,शाफेज वारसी देवा शरीफ लखनऊ उत्तर प्रदेश इन कलाकारों ने महफिल को सजाया लोगों को मजबूर कर दिया झूमने से बताया जाता है कि सरकार सैय्यदना सैय्यद तैय्यब अली शाह सरकार की मजार शरीफ अंग्रेजी शासनकाल से आस्था का केंद्र रही है। केवल दमोह जिले ही नहीं बल्कि देश के कोने-कोने से जायरीन बाबा की जियारत के लिए यहां पहुंचते हैं। इस बार भी उर्स में भारी भीड़ और श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला। असलम खान ने बताया कि हमारी तीन पीढ़ी से परिवार दरगाह पर सेवाएं दे रही है। उर्स के दौरान दरगाह शरीफ को दुल्हन की तरह आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया। सजावट का कार्य करने वाले भाईजान टेंट हाउस के संचालक इस्माइल खान ने बताया कि हर वर्ष दरगाह को अलग अंदाज में सजाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि "सरकार का करम है कि मुझे यह खिदमत नसीब होती है, इससे बड़ा सौभाग्य मेरे लिए और क्या हो सकता है।
उर्स कमेटी अध्यक्ष दाऊद सौदागर, कार्याध्यक्ष नादिर खान और आसिफ अंजुम ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उर्स में भारी भीड़ रही। उन्होंने उर्स को सफल बनाने में दिन-रात मेहनत करने वाली पूरी कमेटी और सहयोगियों का शुक्रिया अदा किया। सीमेंट फैक्ट्री द्वारा फायर विकेट एम्बुलेंस गार्ड सुरक्षा का सहयोग किया गया। इस वर्ष नरसिंहगढ़ दरगाह पर चारों तरफ से जाम की स्थिति देखने को मिली क्योंकि ज्यादा संख्या में लोग बाबा के दरबार पर पहुंचे जिसमें बड़ी मशक्कत के बाद लोगों को दरगाह तक पहुंचने में काफी समय लगा क्योंकि गाड़ियों की लंबी कतार कार्यक्रम शांतिपूर्ण हुआ। इस मौके पर पुलिस व्यवस्था में एच आर पांडे देहात थाना प्रभारी अमित गौतम पुलिस चौकी नरसिंहगढ़ प्रभारी रोहित त्रिवेदी और सभी स्टाफ देहात थाना पूरी रात व्यवस्था में लग रहा। इस अवसर पर महेंद्र दुबे, नफीस बाबा, बबलू भाईजान, नाजिर खान, रब्बू खान, फरहान खान, अब्बू खान, समीम खान शाहरुख खान, शरीफ मोहम्मद, इकबाल खान, गुलाम गैस, मुख्य अतिथि ठेकेदार अजय पटेल भाजपा मंडल अध्यक्ष नरसिंह गढ़ दिनेश पटेल नरसिंहगढ़ सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र बिदौलिया नरसिंहगढ़ जनपद सदस्य प्रतिनिधि संतोष मोदी नवाब सिंह बालू सिंह मुकुंद यादव सहित बड़ी संख्या में जायरीन और अकीदतमंद मौजूद रहे।

## महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत



**तेंदूखेड़ा।** शनिवार को नगर एवं आसपास के क्षेत्र में महिलाओं द्वारा श्रद्धा एवं आस्था के साथ वट सावित्री व्रत का पूजन-अर्चन किया गया। प्रातः काल से ही महिलाओं में उत्साह का वातावरण देखा गया। महिलाओं ने विधि-विधान से व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के विभिन्न मंदिरों एवं वट वृक्षों के समीप महिलाओं की भीड़ उमड़ी। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर वट वृक्ष की पूजा की तथा कथा श्रवण कर पूजा-अर्चना संपन्न की। पूजन के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर कच्चा सूत बांधा और भगवान विष्णु एवं माता सावित्री का स्मरण किया। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं दीं तथा परिवार की खुशहाली की कामना की। नगर के प्रमुख मंदिरों में धार्मिक वातावरण बना रहा। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से वट सावित्री व्रत कथा का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। धार्मिक मान्यता के अनुसार वट सावित्री व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि माता सावित्री ने अपने तप एवं पतिव्रत धर्म के बल पर अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस प्राप्त किए थे। इसी परंपरा के तहत महिलाएं यह व्रत रखकर अखंड सौभाग्य एवं परिवार की मंगलकामना करती हैं।पूरे नगर में दिनभर धार्मिक आस्था एवं उत्साह का माहौल बना रहा।

## जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी-कलेक्टर



**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव करीब 10 बजे इमलिया घाट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। इस दौरान यहां पर स्वास्थ्य विभाग का कोई भी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद नहीं था, यहां पर तीन मरीज इलाज के लिए बैठे हुए थे और एक महिला अपनी बहु को लेकर डिलीवरी के लिए पहुंची थी, सुबह डिलीवरी हुई है, कलेक्टर ने तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को वीडियो कॉल कर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए त्वरित रूप से कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने कहा जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था जायजा लेने दूरस्थ अंचल पर पहुँचे। उन्होंने बताया जब हम यहां आए, डॉक्टर मिला न कोई नर्स मिली। पेशेंट अपनी दवा कराने के लिए सुबह से बैठे हुए हैं। कलेक्टर ने कहा लगातार इस तरह की कार्रवाई की जायेगी जिससे कि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं अच्छी मिलें। उन्होंने कहा तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को वीडियो कॉल करके उनको वस्तु स्थिति से अवगत कराया। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को डॉक्टर एवं स्टॉफ के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। यहां पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने पर सचिव को निर्देशित किया गया व्यवस्था सुदृण की जाये। कलेक्टर श्री यादव ने कहा वे लगातार दौरे करेंगे। सभी स्वास्थ्य अधिकारी, कर्मचारी समय पर आए और मरीजों का बेहतर इलाज करें। कलेक्टर ने कहा जो ड्यूटी दी गई है, उसको बखूबी निभाएं अन्यथा सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### छापरवाह-खेड़ार में सुधरी पेयजल व्यवस्था, कनेक्शनों में फिर शुरू हुई पानी सप्लाई

**बनवार।** जनपद पंचायत जबेरा अंतर्गत ग्राम पंचायत मनगुवा घाट के ग्राम छापरवाह में पिछले एक पखवाड़े से गहराए पेयजल संकट पर प्रकाशित खबर का असर अब साफ नजर आया है। खबर सामने आते ही प्रशासन और जल निगम हरकत में आया और शनिवार सुबह से गांव में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी गई। जानकारी के अनुसार, पेयजल लाइन में "चौक लाइन" बनने के कारण नलों में पानी का प्रेशर बेहद कम हो गया था। स्थिति यह थी कि एक घंटे में एक कुप्पा पानी तक नहीं भर पा रहा था। गांव के करीब 150 नल कनेक्शनों में से केवल 35 हाई प्रेशर कनेक्शनों तक ही पानी पहुंच रहा था, जबकि 100 से अधिक कनेक्शन प्रभावित थे। वहीं ग्राम पंचायत गोला पट्टी के ग्राम खेड़ार, जो जिले का अंतिम गांव है, वहां भी बिजली आपूर्ति अनियमित होने के कारण पेयजल टंकी में जल भराव नहीं हो पा रहा था, जिससे घरेलू कनेक्शनों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा था। जल निगम के साइड मैनेजर प्रशांत झा ने बताया कि छापरवाह गांव में "चौक लाइन" की समस्या को चिन्हित कर टीम द्वारा टेस्टिंग एवं खुदाई के माध्यम से उसे दुरुस्त किया गया। इसके बाद सभी कनेक्शनों में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति शुरू हो गई है। वहीं ग्राम पंचायत गोला पट्टी के ग्राम खेड़ार में भी पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है। ग्राम पंचायत मनगुवा के उपसरपंच प्रतिनिधि मुल्लू सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से ग्रामीण कम प्रेशर की समस्या से जूझ रहे थे, लेकिन टीम की कड़ी मेहनत से अब स्थिति सामान्य हो गई है। ग्रामीणों ने खबर प्रकाशित होने के बाद त्वरित कार्रवाई पर खुशी जताते हुए जल निगम की टीम का आभार व्यक्त किया है।

## उपकाशी हटा में आस्था से गूंजा शनि मंदिर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

उपकाशी हटा में न्याय के देवता और कर्मफल दाता भगवान शनिदेव का प्राकट्य महोत्सव शनिवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। नगर के देवश्री गौरीशंकर मंदिर प्रांगण स्थित शनि मंदिर में सुबह से ही भक्तों की कतारें लग गईं। धार्मिक मान्यता है कि शनिदेव कर्मों के अनुसार फल देते हैं। उनकी कृपा से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। इसी आस्था के साथ सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और शनिदेव को तेल, काला तिल, उड़द दाल और पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया।

### 13 साल बाद बना दुर्लभ योग

मंदिर के पुजारी पंडित सोनू मिश्रा ने बताया कि इस बार 13 साल बाद शनि जयंती पर 'शनिश्चरी अमावस्या' का दुर्लभ संयोग बना है। ज्योतिष के अनुसार शनिवार और अमावस्या का यह योग शनि दोष, साढ़े साती और ढैया के अशुभ प्रभावों को कम करने के लिए अत्यंत प्रभावी माना जाता है।

प्रातःकाल भगवान शनिदेव का विधि-विधान से अभिषेक और पूजन किया गया। इसके बाद फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। क्रूर दृष्टि, नकारात्मक ऊर्जा और जीवन की बाधाओं के निवारण के लिए हवन-पूजन कर विशेष अनुष्ठान संपन्न हुआ।

### महाआरती में उमड़ा भक्तों का सैलाब

रात 8 बजे भगवान शनिदेव की महाआरती का आयोजन किया गया। भजन-कीर्तन और शंख-घंटियों की गूंज के बीच पूरा मंदिर परिसर 'जय शनिदेव' के जयकारों से गूंज उठा। आरती के बाद भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। पंडित मिश्रा ने कहा कि इस दुर्लभ संयोग पर शनिदेव की आराधना करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना कर पुण्य लाभ लिया।

## शिव साईं धाम में श्री शनि जयंती महामहोत्सव का हुआ भव्य आयोजन



**दमोह।** शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री शिव साई धाम, वेलाताल टापू पर शनिवार, को प्रथम श्री शनि जयंती महामहोत्सव का दिव्य एवं भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया। श्री शिव सांई धाम पुरोहित श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज ने बताया कि आयोजन की शुरुआत प्रातः 8 बजे श्री शनि देव के विधि-विधान से पूजन एवं अभिषेक के साथ हुई। इसके पश्चात 9 बजे से 12 बजे तक हवन एवं महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित भक्तों ने श्रद्धाभाव से भाग लिया और वातावरण भक्तिमय हो गया। धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत दोपहर 12 बजे से सायं 6 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान सेवा कार्यों में लगे कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इस भव्य आयोजन का संयोजन पंडित श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज एवं श्री शिव साई सेवाभाव परिवार, वेलाताल टापू दमोह द्वारा किया गया। आयोजन में आलोक गोस्वामी, कपिल दुबे, अमित राय, राजू नामदेव, भूपेंद्र शर्मा, रामकुमार नायक, वीरेंद्र पाठकर, भोले चौरसिया, भोले वर्मा, अजय रैकवार, मुकेश सोनी, अभिषेक साहू, विवेक चौबे, ललित गुप्ता, रिषी सोनी, दीपक मिश्रा, सहित श्रृद्धालुओं का सहयोग और उपस्थिति रही।

## व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु 20 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग प्रारंभ

**झलौन।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समग्र शिक्षा अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलौन में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर तथा आईटी ट्रेड के विद्यार्थियों के लिए 20 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से कक्षा 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया है, ताकि वे तकनीकी एवं व्यावहारिक कौशल प्राप्त कर रोजगार के लिए स्वयं को तैयार कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम कुल 80 घंटे का है, जिसमें प्रतिदिन 4 घंटे की प्रशिक्षण गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को इलेक्ट्रिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की बेसिक रिपेयरिंग, कंप्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग, आईटी बेसिक्स तथा विभिन्न तकनीकी कार्यों का प्रायोगिक प्रशिक्षण (**Hands-on Skill Training**) दिया जा रहा है। विद्यार्थियों को वास्तविक कार्य परिस्थितियों से परिचित कराते हुए उनके कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्राचार्य अशोक साहू एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक योगेश कुमार प्रजापति तथा महेश प्रसाद केवट के अनुसार इस प्रकार की ऑन जॉब ट्रेनिंग विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा, जो भविष्य में रोजगार प्राप्त करने एवं तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें उद्योग एवं रोजगार आधारित व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है, जिससे वे वर्तमान तकनीकी प्रतिस्पर्धा के अनुरूप अपने कौशल को विकसित कर सकें।

### जय श्री राम के जयघोष से गूंजा नगर....

## धूमधाम से मनाई गई केवट जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त एवं निषादराज गुहराज केवट की जयंती नगर में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। मान्यता है कि निषादराज गुहराज ने प्रभु श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण को अपनी नाव से गंगा पार कराया था। इस अवसर पर 15 मई को नगर में भव्य आयोजन किए गए कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6 बजे वार्ड क्रमांक 1 स्थित शिव मंदिर से विशाल शोभायात्रा के साथ हुई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई, जिसमें केवट समाज के महिला-पुरुषों सहित अन्य समाजों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। यात्रा में भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकियां वाहनों पर सुसज्जित थीं, जिन्होंने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया शोभायात्रा के आगे अखाड़ा दल के कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत किए, वहीं डीजे एवं बैंड-बाजों की धुन पर युवा उत्साहपूर्वक नाचते-गाते नजर आए। पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूबा दिखाई दिया। शोभायात्रा के समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। रात्रि 10 बजे से वार्ड क्रमांक 1 मंज सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों ने भक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में केवट समाज के युवाओं एवं वरिष्ठजनों का विशेष योगदान रहा। इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, पूर्व राज्यमंत्री दशरथ सिंह लोधी, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी, पंडित नर्मदा प्रसाद दुबे, महेंद्र ठाकुर, डॉ परम सिंह लोधी, वरिष्ठ युवा नेता बृजेश सिंह लोधी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राम सिंह केवट, छोटेलाल केवट, ठेकेदार धर्मचंद केवट, राजू केवट, डॉ गिरन केवट, तखत केवट, हरि सिंह पांडे सरजू केवट मांझी समाज के जिला अध्यक्ष विशाल केवट रामकुमार केवट जितेंद्र केवट अमर केवट सुमित केवट अमित केवट प्रिंस केवट सहित हजारों की संख्या में केवट समय सहित अन्य समाज के लोगों ने शोभायात्रा में भाग लिया।

## कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**जबेरा।** संपूर्ण प्रदेश की भांति जबेरा नगर में भी मध्य प्रदेश शासन की मंशानुसार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत जिला प्रशासन के निर्देशन एवं कृषि विभाग जबेरा के मार्गदर्शन में शनिवार को तहसीलदार सोनम पांडेय, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, जिला मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर एवं समस्त स्टाफ द्वारा कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर के रवाना किया गया। जो दस दिवस तक जबेरा विकासखंड की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहुंचकर कृषि एवं संबंधित विषयों जैसे कृषि, अभियांत्रिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी आदि पर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों के मध्य सीधा संपर्क कर नवीन एवं वैधानिक तकनीकियों सुधार आदि की जानकारी कृषको तक पहुंचाई जाएगी। इस दौरान तहसीलदार सोनम पांडेय ने कहा कि शासन द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी कृषि रथ के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंचाई जा रही है जिसका किसान भाई लाभ उठाएं साथ ही कृषक अपने खेतों की नरवाई ना जलाएं यह दंडनीय अपराध है। सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन की मंशा है कि प्रदेश का किसान समृद्ध और खुशहाल हो जिसके लिए शासन निरंतर कार्य कर रहा है और वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाते हुए किसानों के हित में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी कृषि रथ के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंचाई जा रही है जिससे किसान भाई निश्चित तौर पर लाभान्वित होंगे। वहीं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कृषि रथ के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश शासन की मंशानुसार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है जिसके तहत दिनांक 16 मई से 10 दिवस तक कृषि रथ जबेरा विकासखंड की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहुंचकर ई विकास प्रणाली अंतर्गत,ई टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था तथा उर्वरकों का अनुशंसा अनुसार उपयोग संबंधी प्रचार प्रसार, जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का प्रचार प्रसार, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन सहित कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने का उपाय, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना, विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, पराली प्रबंधन, कृषि अभियांत्रिकी आदि द्वारा खरीफ पूर्व खेतों का समतलीकरण आदि की जानकारी किसानों को दी जाएगी। इस अवसर पर एईओ पिंकी मेहरा, अमित परमार, दिनेश पटेल, दर्शिका दुबे सहित किसानों एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

# निजी स्कूल में शिक्षिका की मारपीट से आहत बच्चे की इलाज के दौरान मौत

## शव लेकर एसपी आफिस पहुंचे परिजन, दमोह एसपी ने एसआईटी गठित करेगी जांच, तेंदूखेड़ा में किया प्रदर्शन समझाईश पर माने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

बहुचर्चित छात्र मारपीट मामले में आज बड़ा और दुखद घटनाक्रम सामने आया है बीते ढाई से तीन महीने से भोपाल एम्स अस्पताल में इलाजरत 9 वर्षीय छात्र की उपचार के दौरान मौत हो गई है जानकारी अनुसार तेंदूखेड़ा नगर में स्थित आईईएस पब्लिक स्कूल के छात्र की भोपाल में इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार की देर-रात 2 बजे परिजन बच्चे का शव लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे और स्कूल की शिक्षिका पर मारपीट का आरोप लगाया। उनका कहना है कि शिक्षिका की मारपीट से ही उनके बच्चे की जान गई है परिजनों ने शिक्षिका के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बताया गया है कि बच्चा पिछले ढाई महीने से कोमा में था और भोपाल में उसका इलाज चल रहा था। मौत के बाद शव को जिला अस्पताल लाया गया।

सूचना मिलते ही दमोह कोतवाली टीआई मौके पर पहुंचे। एसपी के निर्देश पर बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन भी किया गया है तेंदूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 9 निवासी काव्य पिता दामोदर नामदेव के रूप में हुई है उसके मामा हेमंत नामदेव ने बताया कि काव्य तेंदूखेड़ा के आईईएस पब्लिक स्कूल में तीसरी कक्षा में पढ़ता था। 19 फरवरी को शिक्षिका देवींद्री ठाकुर ने होमवर्क न करने पर काव्य को हाथ, पैर और सिर में स्केल से मारा था। इसके बाद उसे बुखार आने लगा और उसने खाना-पीना छोड़ दिया। परिजन उसे तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर चिरायु अस्पताल रेफर किया गया। चिरायु अस्पताल की एमआरआई रिपोर्ट में बच्चे के सिर में मारपीट से सूजन की पुष्टि हुई थी। इसके बाद उसे जबलपुर के अपोलो अस्पताल ले जाया गया, जहां 10 दिन तक इलाज चला, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। अंततः उसे भोपाल एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर बीते



दो महीने से काव्य नामदेव का इलाज चल रहा था और शुक्रवार की शाम करीब 6बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

वहीं शनिवार की देर-रात करीब 2 बजे परिजन भोपाल से शव लेकर दमोह एसपी आफिस पहुंचे वहां से शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा गया ।

### शिक्षिका पर हो ठोस कार्रवाई

काव्य के मामा हेमंत नामदेव ने आरोप लगाते हुए बताया कि हम लोगों ने तेंदूखेड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी वह रिपोर्ट हमारे अनुसार नहीं लिखी गई। उसमें आरोपी के नाम काट दिए गए। हम लोगों ने कलेक्टर, एसपी और जिला शिक्षा अधिकारी को भी आवेदन दिया था, लेकिन इस पर कोई भी जांच की गई ना ही कार्रवाई हुई ।

### एआईटी करेगी मामले की जांच

दमोह जिला अस्पताल पहुंचे कोतवाली टीआई मनीष कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक बच्चे का शव लेकर परिजन एसपी ऑफिस पहुंचे हैं। उन्हें अस्पताल भेजा गया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पैनल के माध्यम से बच्चे का पीएम कराया गया है इसके अलावा एक एसआईटी गठित की गई है, जो पूरे मामले की जांच करेगी और वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपेंगे।

### तेंदूखेड़ा पहुंचकर दमोह- जबलपुर हाईवे जाम



वहीं दमोह में बच्चे के पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन शव लेकर तेंदूखेड़ा पहुंचे और दमोह जबलपुर हाईवे पर तेंदूखेड़ा नगर में पुलिस थाने जाने मुख्य मार्ग एंबुलेंस खड़ी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया और दमोह-जबलपुर मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास किया गया लेकिन पुलिस से ही अलर्ट थे जैसे ही शव तेंदूखेड़ा पहुंचा पुलिस भी मौके पहुंचा गई और प्रदर्शनकारी को समझाइश दी एवं निष्पक्ष जांच की बात कहीं है बता दें पुलिस प्रशासन सुबह से ही अलर्ट हो चुकी थी जिसके चलते दमोह डीएसपी डीएस ठाकुर सहित पांच थानों जबेरा, नोहटा, तेजगढ़, तारादेही इमलिया चौकी और तेंदूखेड़ा पुलिस तेंदूखेड़ा पहुंच चुकी थी मृतक के परिजनों द्वारा 15से20 मिनट तक जाम लगाकर प्रदर्शन किया जिससे वाहनों की लाइन लग गई साथ ही लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा परिजनों ने निष्पक्ष जांच करने के साथ ही दोषी शिक्षक शिक्षका एवं कुछ पुलिस कर्मचारियों के नाम लेकर जांच की मांग की है।

### इनका कहना है

तेंदूखेड़ा में एसडीओपी का प्रभार संभाल रहे दमोह डीएसपी डीएस ठाकुर ने परिजनों को समझाया। डीएसपी डीएस ठाकुर ने बताया- परिजनों की मांग थी की शिक्षिका पर तत्काल कार्रवाई की जाए। जिस पर पुलिस अधिकारियों का कहना था कि जिस समय बच्चे से मारपीट हुई थी, उस समय तत्काल ही शिक्षिका पर मारपीट का केस दर्ज कर लिया था। अब उसकी मौत हो गई है, जैसे ही पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आएगी, धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

इस घटनाक्रम के बाद स्कूल संचालक विक्रम सिंह राजपूत ने बताया कि घटना 19 फरवरी की है जैसे ही परिजनों ने इस बात की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने तत्काल शिक्षिका को नौकरी से हटा दिया था।

### पीएम रिपोर्ट का इंतजार

तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने बताया कि जिस समय यह मामला हुआ था उस समय शिक्षिका पर मारपीट का मामला दर्ज हुआ था। विभागीय जांच में क्या निकला अभी उसकी जांच रिपोर्ट उनके पास नहीं पहुंची है। बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की सही पुष्टि होगी। उसके बाद इस मामले में ठोस कार्रवाई की जाएगी।

# पथरिया विस में सैनिक स्कूल स्थापना की मांग



**पथरिया।** क्षेत्रीय विधायक व पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्री लखन पटेल ने नई दिल्ली में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सौजन्य भेंट कर दमोह जिलें के पथरिया विधानसभा में सैनिक स्कूल की स्थापना का आग्रह किया। रक्षा मंत्री श्री सिंह के नेतृत्व में देशभर में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने की पहल अत्यंत सराहनीय है। सैनिक स्कूल युवा पीढ़ी में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी क्रम में विधानसभा पथरिया में सैनिक स्कूल स्थापित करने का अनुरोध किया, जिससे बुंदेलखंड क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण और बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास और रोजगार सृजन को भी गति मिलेगी। सैनिक स्कूल के माध्यम से स्थानीय युवाओं में देशभक्ति की भावना और नेतृत्व कौशल प्रबल होंगे तथा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। वही राज्यमंत्री पटेल ने रक्षा मंत्री जी द्वारा प्रदान किए गए बहुमूल्य समय एवं आत्मीय मार्गदर्शन के लिए आभार जताया।

# नीट परीक्षा लीक करवाने वालों पर की जाये कठोर कार्यवाही- मानक पटेल




**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नीट परीक्षा पेपर लीक होने पर एवं करीब 22 लाख बच्चो के भविष्य के खिलवाड़ करने को लेकर जो बच्चे परीक्षा सये नहीं हटे उन्हें केन्द्र में बैठी भाजपा सरकार के भ्रष्ट तंत्र ने मार दिया उसको लेकर कांग्रेसजनों ने कराकर पर एकत्रित हो कर हाथो में मशाले लेकर पैदल मार्च करते हुए अंबेडकर चौक पहुंचे वहां उपस्थित आम जनता से कहा कि 2015 से 2016 तक 148 परीक्षा घोटाले हुए 87 परीक्षाये रद्द 9 करोड़ बच्चो का भविष्य हुआ प्रभावित बार बार पेपर लीक होने से छात्रो का मनोवल टूटने लगा है कुछ युवाओ ने तो आत्महत्या तक करली है। दिनों दिन मंहगाई की मार किंतु अन्ध भक्त मतदाता करता है सब कुछ सहेगें किंतु इन्ही को चुनेगें। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि युवाओ के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है भाजपा सरकार। मानक पटेल, मनु मिश्रा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, वीरेन्द्र दबे, निधि श्रीवास्तव, मंजीत यादव, रियाज खान, डालचंद कुशवाहा, लालचंद राय, वीरेन्द्र राजपूत, गीता लोधी, शमीम कुरैशी, डीपी पटेल, विजय कुशवाहा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, शुभम तिवारी, अजय जाटव, नितिन मिश्रा, विक्रम ठाकुर, शानु जुनेजा ने भी केन्द्र की भाजपा सरकार के विरोध में नारे लगाते हुए कहा कि परीक्षा देते समय टीचर्स बच्चे की अस्तीनो को ही चेक करते रहते है अस्तीनो के सापो को क्यो नहीं पकड़वाते कहते है तेल कम खर्च करो देश भक्ति होगी किंतु भाजपा नेता जो निगम अध्यक्ष बने हुए वह सैकड़ो चार पहिया वाहन लेकर शक्ति प्रदर्शन करने में लगे है वह भी वह भी क्यो देश भक्ति है मशाले लेकर प्रदर्शन करने वालो में पेट्रोल डीजल गैस सिलेण्डर के दाम जब कांग्रेस शासन में बढ़ते थे तो मंहगाई डायन लगती थी अब क्या अभागन लगने लगी है। मुकेश रोहितास, अमित बुधौल्या, शैलेन्द्र सिंह, जीशान पठान, संजय सेठ, केके अग्रवाल, मुख्तार जाफरी, शैलेन्द्र सिंह, गोपाल मास्टर, डिम्पल सेन, राव लाखन सिंह, पप्पू कुशवाहा, वकील कुरैशी, जावेद रोजान, खिल्लू ठाकुर, शेरू कछवाहा, विनोद पटेल, विन्दु पटोरया, जित्तू अहिरवार सहित अनेकों कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

# भव्य शोभायात्रा से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ



**पटेरा।** पटेरा नगर में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा के साथ किया गया। शोभायात्रा शनिवार को बंसी वाले भगवान मंदिर से नगर में भ्रमण करते हुए श्री गणेश मंदिर पुरानी अस्पताल प्रांगण पटेरा पहुंची जिसमे समस्त नगरवासी एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए। कथा ब्यास श्रीमज्जागद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनंतचार्य जी महराज नें बताया की यज्ञ तीन प्रकार के होते है। पहला यज्ञ सात्विक यज्ञ होता है जिसमे विश्व कल्याण की भावना से यज्ञ होता है। भगवान स्वयं उसकी रक्षा एवं पूर्ती करते है। दूसरा यज्ञ राजसी यज्ञ होता है जिसमे खुद के कल्याण की भावना होती है। उसकी पूर्ती यजमान को करना पड़ती है और उसकी पूर्ती भगवान करते है। तीसरा प्रकार का तामसिक होता है जिसमे किसी को बर्बाद करने की भावना होती है। उसकी पूर्ती नहीं होती। भगवान स्वयं उस यज्ञ को नष्ट करते है। पटेरा नगर में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ विश्व कल्याण की भावना से हो रहा है। अतः आप सब इस यज्ञ में सादर आमंत्रित है। प्रातः 7 बजे से यज्ञ प्रारम्भ होगा दोपहर 11 बजे तक उसके बाद दोपहर 4 से 7 भागवत भगवान की कथा प्रारम्भ होंगी।

# दमोह की बेटी प्रिंसी जैन ने बढ़ाया मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह की गौरव प्रिंसी जैन ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए मेडल प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि प्रिंसी ने इससे पूर्व 'बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स' में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री 'श्री योगी आदित्यनाथ जी' के हाथों गोल्ड मेडल प्राप्त किया था, और अब सफलता के इस सिलसिले को जारी रखते हुए उन्होंने एक और बड़ी उपलब्धि मास्टर डिग्री में अपने नाम की है। इस बार उन्हें यह विशिष्ट सम्मान 'श्री जगत प्रकाश नड्डा' केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री, भारत सरकार के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर ब्रजेश पाठक उपमुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, सुरेश कुमार खन्ना, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री, उत्तर प्रदेश, भूपेंद्र सिंह चौधरी एवं प्रसिद्ध लोकगायिका 'मालिनी अवस्थी जी' जैसे दिग्गज व्यक्तित्व भी उपस्थित रहे। प्रिंसी की इस निरंतर सफलता पर उनके पिता 'दीपचंद जैन' (शारदा सीमेंट पाइप, दमोह, ससुर मनोज बंगेला (सागर) एवं समस्त परिवारजनों ने अत्यंत हर्ष व्यक्त किया है। प्रिंसी जैन को उनकी इस स्वर्णिम यात्रा के लिए उज्ज्वल भविष्य की ढेरों शुभकामनाएँ।

# शनि जयंती पर शनि मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

## दिनभर चले धार्मिक अनुष्ठान कलेक्टर भी हुए शामिल

**दमोह।** शनि जयंती के अवसर पर दमोह के एसपीएम नगर में स्थित प्रसिद्ध श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में शनि जयंती का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ धार्मिक वातावरण में मनाया गया। अमावस्या एवं वट सावित्री व्रत होने के साथ-साथ 25 वर्षो पश्चात शनिवार को शनि जयंती होने पर को जिले के एकमात्र प्रसिद्ध श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में विशेष संयोग के साथ आई इस जयंती पर पूजन पाठ को लेकर भी भक्तजनों में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही भक्तजन इस अवसर पर शनि देव को तेल से लेकर उड़द आदि चढ़ाकर पूजा कर रहे थे, साथ ही शनि मंदिर में दिनभर विविध आयोजनों का दौर चलता रहा।इस अवसर पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ,जन सम्पर्क अधिकारी वाय के कुरेशी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। शुक्रवार 15 मई की सुबह से अखंड



रामायण पाठ का आयोजन प्रारंभ किया गया था जो कि शनिवार की दोपहर तक लगातार चलता रहा।वही शाम 4 बजे से सिंगपुर की प्रसिद्ध रामधुन की मंडली द्वारा संगीतमय बातावरण में आयोजन किया गया जिसमें हजारों की तादाद में भक्त गढ़ झूमते हुए नज़र आये। इस दौरान लगातार ही भक्तों का ताता लगा रहा। अमावस्या के दिन शनि जयंती के मौके पर शनिवार को भक्तों ने जहां शनिदेव से सुख शांति समृद्धि की कामना की और अभिषेक हवन पूजन कर धर्म लाभ लिया। शाम 5 बजे से प्रारंभ हुए हवन में जहां हजारों की तादाद में भक्त जनों ने हवन कुंड में अपनी आहुतियां देकर शनि देव से शांति हेतु कामना की। शनि जयंती पर मुख्य यजमान के रुप मे महिला मंडल द्वारा पूजन किया गया।शाम के समय मंदिर के पुजारी पं बालकृष्ण शास्त्री के मार्ग निर्देशन में महा आरती का आयोजन भी किया, जिसमें भी सैकड़ों की तादाद में भक्तों ने भाग लिया। इस अवसर पर पं बालकृष्ण शास्त्री,प जागेश्वर तिवारी पं विनोद पांडे पं केशव रावत एवं प आचार्य आशुतोष गौतम शास्त्री ने बताया कि शनि जयंती का व्रत रखने से शनिदेव प्रसन्न रहते हैं। इस दिन संध्याकाल में शनि देव की उपासना और आराधना की जाती है तथा शनि मंदिर पहुंचकर शनि से संबंधित वस्तुओं का दान किया जाता है। इससे निश्चित ही कहें से निजात मिलती है। इस दिन नीलम, उड़द, तेल का पका हुआ अन्य, काली तिल, काला वस्त्र, लोहा, भैंस, काली गाय, काले जूते आदि का दान भी दिया जाता है। इसी प्रकार दमोह के एसपीएम नगर में भी स्थित श्री शिव शनि हनुमान मंदिर की स्थापना भी काशी सुमेरु पीठीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य नरेद्रानंद सरस्वती जी के द्वारा आज से 24 वर्ष पूर्व स्थापना की गई थी जिस कारण से इस मंदिर का भी विशेष महत्व है और यहां के भी चमत्कार ही बड़े निराले हैं। आज के दिन शनि जयंती का एक विशेष महत्व ही होता है, क्योंकि इस दिन अमावस्या और वट सावित्री व्रत होने से इसका बड़ा ही महत्व है। उन्होंने बताया कि जब जगतगुरु आद्य शंकराचार्य ने चारों धाम की स्थापना की थी तो उसी समय तप कर शनि महाराज को प्रसन्न कर शिडी के समीप शनि शिंगनापुर की स्थापना भी की गई थी।

# शिकायत के बाद वन विभाग ने अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही

**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा की अंतर्गत आने वाले ग्राम नोहटा क्षेत्र में बढ़ते अवैध अतिक्रमण को लेकर लोगों में लगातार नाराजगी देखने को मिल रही थी। इसी बीच शनिवार दोपहर वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण हटाने की कार्यवाही की। जानकारी के अनुसार गांव से बाहर नई शराब दुकान स्थापित होने के बाद उसके आसपास छोटे-छोटे अस्थायी दुकानों के निर्माण का सिलसिला शुरू हो गया था। कई लोग दुकान संचालन के उद्देश्य से स्थान चिन्हित कर निर्माण कार्य में जुटे हुए थे। जिस भूमि पर निर्माण किया जा रहा था, उसे वन विभाग ने अपनी शासकीय भूमि बताया। कार्यवाही के दौरान वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण हटाया। इस संबंध में डिप्टी रेंजर रशीद कुरैशी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में वन भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को रोकने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि नोहटा गांव के बाहर नवनिर्मित शराब दुकान के समीप स्थित वन विभाग की भूमि पर लोगों द्वारा अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया जा रहा था। इसे रोकने के लिए विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ भूमि को सुरक्षित करने हेतु तार फेंसिंग का कार्य भी कराया गया।

# गौमाताओं के लिए बेहतर छाया, पानी, उपचार एवं संरक्षण सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता-कलेक्टर

## उत्तम व्यवस्थाओं वाली गौशालाओं की सराहना, बालाकोट गौशाला में अव्यवस्थाएं पाए जाने पर संबंधितों को नोटिस जारी करने दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव आज आकस्मिक भ्रमण अभियान के तहत इमलिया घाट स्थित गोपाल कृष्ण गौशाला पहुंचे। यहां पर गौशाला की व्यवस्थाएं देखी, गौमाता गौशाला में थी, छाया पानी और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्थाएं थी। उन्होंने यहां पर गौशाला के संचालन की बेहतर व्यवस्था पर इसकी सराहना करते हुए इसी तरह अच्छा कार्य करने प्रेरित किया। इसी दौरान कलेक्टर चौरई स्थित गौशाला पहुंचे। यहां पर भी गौशाला का संचालन अच्छी तरह से किया जा रहा था, इसके उपरांत कलेक्टर बालाकोट पहुंचे। बालाकोट गौशाला में पेयजल की समुचित व्यवस्था आदि नहीं पाए जाने पर और बाहर गौशाला में बोर्ड लेखन का कार्य नहीं पाया गया। कलेक्टर श्री यादव ने कहा गौ सेवा करना हम सबका कर्तव्य हैं, इसी को देखने के लिए प्रातः से गौशालाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा शासन द्वारा गौ सेवा के लिए राशि दी जाती हैं, उसका पूरा उपयोग गौमाता माताओं को अच्छी व्यवस्था मिले, छाया, पानी मिले, उन्हें आवश्यकता पड़ने पर उनको ईलाज मिले। चौरई में व्यवस्था अच्छी मिली है। बालाकोट गौशाला में सुदृण व्यवस्था नहीं पाये जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। श्री यादव ने कहा इमलिया घाट में अच्छी व्यवस्था मिली है, हमारा जैसा प्रयास था कि जो बैठक लेकर गौशाला संचालकों को बताया गया था सेवा करना हैं, लोगों को जागरूक करें कि वो अपना इसको कर्तव्य माने और संवेदनशीलता के साथ गौमाता के प्रति प्रेम रखकर उनकी सेवा करें। आज हमें उसमें परिवर्तन देखने को मिला, यहां देखा तो



सभी गौमाताओं के लिए अच्छा भोजन मिल रहा है, छाया पानी है, पंखे लगे लगे हुए हैं, आगे लिखा भी दिया गया है, कब क्या दिया जाएगा, क्या व्यवस्था है, कितने पशु हैं। कलेक्टर श्री यादव ने कहा जिले में सुधार की दिशा हमारा प्रयास था जिसके साथ हम प्रयास करना चाहते हैं जैसा गौमाता को अच्छी सुविधा मिले, आगे भी इसको लगातार देखते रहेंगे।

### पशु औषधालय संस्था बंद जाने पर संस्था प्रभारी निलंबित

कलेक्टर श्री यादव ने बताया पशु औषधालय बालाकोट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पशु औषधालय संस्था बंद पायी गई एवं संस्था प्रभारी रमेश कुमार कोरी अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया हैं। कलेक्टर ने कहा चिकित्सक गौ माता की सेवा में किसी तरह की कोई कोताही ना बरते, समय पर उपस्थित रहे, आवश्यकता पड़ने पर गौ माता का इलाज करें। कलेक्टर ने कहा सभी गौसेवक, गौसंचालक अच्छी व्यवस्था देने का प्रयास करें।

# मसरी चना खरीदी केन्द्रों पर सर्वेयर की मनमानी

**पथरिया।** शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर की जा रही मसूर चना की खरीदी केन्द्रों पर किसानों को एक तरफ क्वालिटी की बात कही जाती है लेकिन सर्वेयर द्वारा सब कुछ अपनी मनमर्जी से चल रहा है यह साफ दिखाई देता है मसूर में कही कही तो ऐसी खरीदी हो गई जिसमें अगर जांच हो तो क्वालिटी में कही नजर नही आयेगी मतलब अगर मंडी में व्यापारियों द्वारा खरीदी जाएगी तो न्यूतनम दर पर लेकिन शासन की खरीदी केन्द्रों पर सर्वेयर द्वारा किसानों से पैसा लेकर खेल खेला जा रहा है और सब कुछ तौल कराई जा रही है। जिला कलेक्टर से मांग है कि खरीदी केन्द्रों पर निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि चुनिंदा किसानों के चक्कर में जिन किसानों का वास्तव में सही उपज है वही ली जाए।

# अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों का वेतन काटने की कार्रवाई

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के प्राथ. स्वा. केन्द्र इमलियाघाट का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बिना किसी सूचना व सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना ही कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर 05 अधिकारी-कर्मचारियों का तत्काल प्रभाव से 03 दिवस का वेतन काटा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया बंधपत्र चिकित्सक डॉ. मुफादल सैफी, संविदा फार्मासिस्ट इमरान खान, संविदा ए.एन.एम. राजेशकुमारी विश्वकर्मा, आउटसोर्स डाटा एंट्री ऑपरेटर विनय शर्मा एवं आउटसोर्स एम.टी.एस. प्राथ. स्वा. केन्द्र इमलियाघाट-हिण्डोरिया वीरेन्द्र रैकवार का 03 दिवस का वेतन काटा गया हैं।

# पैसे न मिलने पर गंभीर मरीज को बीच रास्ते में छोड़ भागा निजी एंबुलेंस चालक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

सिविल अस्पताल हटा से शनिवार को मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया। करंट से झुलसे एक युवक को जिला अस्पताल रेफर करने के दौरान 108 एंबुलेंस समय पर न मिलने और निजी एंबुलेंस चालक की संवेदनहीनता के कारण मरीज की जान जोखिम में पड़ गई।

### पैसे न मिलने पर रास्ते में उतारकर भागा चालक

पांजी निवासी 18 वर्षीय अच्चू पिता स्व. मुकेश पटेल को शनिवार सुबह करंट लगने पर सिविल अस्पताल हटा लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल दमोह रेफर किया। डॉक्टरों द्वारा 108 एंबुलेंस को फोन लगाया गया, लेकिन वाहन समय पर उपलब्ध नहीं हो सका। मजबूरन परिजन सिविल अस्पताल परिसर में खड़ी छोटू विश्वकर्मा की निजी एंबुलेंस से मरीज को दमोह ले जाने लगे और कुछ ही दूरी पर हटा-दमोह रोड पर एक पेट्रोल पंप पर चालक ने डीजल भरवाने के लिए पैसे मांगे। परिजनों के पास उस समय सिर्फ 400 रुपये थे और उन्होंने बाकी रकम दमोह पहुंचकर देने की बात कही। लेकिन चालक पूरी रकम वहीं देने पर अड़ गया। पैसे न मिलने पर उसने मरीज को एंबुलेंस से उतार दिया और वाहन लेकर चला गया। परिजनों ने किसी तरह परिचितों से संपर्क कर दूसरे वाहन से मरीज को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। अगर समय पर मदद न मिलती तो मरीज की जान भी जा सकती थी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ऐसे एंबुलेंस चालकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### 108 सेवा पर भी उठे सवाल

इस घटना ने सरकार की 108 एंबुलेंस सेवा की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकार द्वारा 24 घंटे सेवा देने के लिए ठेकेदार को टेंडर जारी किया जाता है, जिसमें मरीजों को तत्काल सेवा देने की शर्तें होती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि 108 वाहन अक्सर समय पर उपलब्ध नहीं होते, जबकि इनके द्वारा सवारी ढोने और शराब तस्करी जैसी शिकायतें क्षेत्र से आती रहती हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि अगर एंबुलेंस अवैध कामों के लिए समय पर पहुंच सकती है तो मरीजों को आपात स्थिति में सेवा क्यों नहीं मिल पाती। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि 108 सेवा और निजी एंबुलेंस संचालकों की मनमानी पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी मरीज की जान इस तरह की लापरवाही की भेंट न चढ़े।